दिनांक : 01.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज वित्तवर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी, आर्थिक सर्वेक्षण में इस वर्ष जीडीपी में 6 दशमलव 4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- दुनिया में अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता का मिशाल बना।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जापान की बड़ी कंपनियां प्रदेश में कारोबार का विस्तार करने को तैयार।
- इंदौर में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में नर्मदापुरम अव्वल, जबलपुर दूसरे और इंदौर तीसरी स्थान पर।

केंद्रीय बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोक सभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल नई दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में बजट बनाने की प्रक्रिया में शामिल सचिवों और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। पेश है इस संबंध में हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट ..

संसद के दोनों सदनों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में वित्त वर्ष-2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है और वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है, जिसमें संतुलित राजकोषीय समेकन और स्थिर निजी खपत है। इसमें उल्लेख किया गया है कि देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र द्वारा समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है। रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन और अनुकूल कृषि परिस्थितियों के कारण ग्रामीण मांग में सुधार देखा जा रहा है।

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विश्व भर में अस्थिरता के बीच भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता के एक स्तंभ के रूप में दुनिया के सामने उदाहरण पेश कर रहा है। राष्ट्रपति ने कल संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक देश की भावी पीढियां, निश्चित रूप से एक विकसित, सुदृढ, सक्षम और समृद्ध भारत बनकर उभरेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार, सुधार, कार्य निष्पादन और परिवर्तन के लक्ष्य के साथ देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में पूंजी व्यय 11 लाख करोड रूपये रखा गया जो एक रिकार्ड है। देश में मजबूत ढांचा बनाने के लिए किये गये उपायों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश मेक इन इंडिया से आगे बढकर मेक फॉर द वर्ल्ड की ओर बढ रहा है। इससे रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

राज्य तबादले

राज्य सरकार ने प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियो में बदलाव किया है। जेएन कांसोटिया को अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग की नई जिम्मेदारी दी गई है। वे अभी प्रशासन अकादमी में महानिदेशक थे। वहीं वर्तमान अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह एसएन मिश्रा कल सेवानिवृत्त हो गए। राज्य शासन ने पदस्थापना संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य शासन ने आदेश में ही अपर मुख्य सचिव अनिरुद्ध मुकर्जी को राजस्व मंडल ग्वालियर का अध्यक्ष बनाया है। उनके पास लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग तथा एमडी मप्र राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। वहीं राजस्व मंडल ग्वालियर के प्रशासकीय सदस्य सचिन सिन्हा को अब प्रशासन अकादमी का महानिदेशक बनाया गया है। प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी को वर्तमान जिम्मेदारी के साथ आवासीय आयुक्त मप्र भवन नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

स्वास्थ्य विस्तार-उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों को उन्नत उपकरणों से लैस करने की योजना पर कार्य कर रही है। उन्होंने चिकित्सकों से इन सुविधाओं का उपयोग कर राज्य के नागरिकों को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये

हैं। गांधी मेडिकल कॉलेज और हमीदिया अस्पताल में 3 करोड़ 45 लाख रुपये लागत के अत्याधुनिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी उपकरणों की स्थापना की स्वीकृति दी गयी है। इनमें एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड एसोफेजियल मैनोमेट्री, पीएच मैट्री और ब्रीथ एनालाइज़र जैसी तकनीकें शामिल हैं।

यह उन्नत सुविधाएँ किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली बार उपलब्ध कराई गई हैं। इन नवीन उपकरणों की मदद से पाचन तंत्र की गंभीर बीमारियों की सटीक और त्वरित पहचान संभव हो सकेगी। अब मध्य प्रदेश के मरीजों को उन्नत और सटीक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी उपचार के लिए अन्य राज्यों या निजी अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

मुख्यमंत्री-जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापान की बड़ी कम्पनियाँ मध्यप्रदेश में आकर अपने व्यवसाय और व्यापार को और अधिक बढ़ाने के लिये तैयार हैं। 4 दिवसीय जापान यात्रा के दौरान व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहाँ से उत्पादों को न केवल भारत में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक भी आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इसका लाभ जापानी कंपनियों को तो मिलेगा ही साथ ही प्रदेश में औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैनासोनिक और ब्रिजस्टोन जैसी कम्पनियों सहित जापानी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिये सहमति जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान के उद्योग, संस्कृति और तकनीक को करीब से समझने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का वातावरण बदल रहा है।

विज्ञान प्रदर्शनी-इंदौर

इंदौर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर नर्मदापुरम, द्वितीय जबलपुर और तृतीय स्थान पर इंदौर संभाग रहा। समापन कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में माध्यमिक स्तर पर गणित, विज्ञान, पर्यावरण, इतिहास, भूगोल और राजनीतिक जीवन विषय पर प्रादर्श प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। वहीं उच्च माध्यमिक स्तर पर प्रादर्श प्रतियोगिता गणित, विज्ञान और पर्यावरण वर्ग में आयोजित की गयी।

बोर्ड परीक्षा

राज्य षिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार नकल रोकने के लिए संवेदनशील और अति संवेदनशील केन्द्रों पर जैमर लगाने का निर्णय लिया है। ऐसा पहली बार किया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर की टीम भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगी। राजधानी में 16 सहित प्रदेशभर में 562 परीक्षा केंद्र को अतिसंवेदनशील और संवेदनशील घोषित किया गया है। संवेदनशील और अति संवेदनशील केंद्रों के लिए अधिकतम 10 दिन के लिए आवश्यकतानुसार प्रेक्षकों का चयन एवं नियुक्ति कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इन 10 दिनों में 12वीं के मुख्य विषय गणित, अंग्रेजी, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान एवं अर्थशास्त्र तथा 10वीं के अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान के पेपर होंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि सामान्य शुल्क के साथ 7 फरवरी, और विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी निर्धारित की गयी है।
- खण्डवा जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत जेल परिसर में कल शिविर में 103 कैदियों का परीक्षण किया गया। वहीं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को टी.बी. मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।
- आगरमालवा कलेक्टर ने आदेष जारी कर जिले में गेहूं की फसल कटाई उपरान्त अवशेष नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है।
- झाबुआ जिले में बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 22 जनवरी से 31 जनवरी तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत रतलाम जिले में जनपद पंचायत जावरा तथा नगर परिषद पिपलोदा में 2 फरवरी को सामूहिक विवाह आयोजन होगा।
- नीमच के सेरम में आयोजित होने वाले भारतीय संस्कृति उत्सव-7 को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 31 जनवरी से 08 फरवरी तक सेरम स्टेशन पर इंदौर और लिंगमपल्ली के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस को अस्थायी हाल्ट दिया है।

- इंदौर के छोटा नेहरू स्टेडियम में अखिल भारतीय महापौर केसरी, मध्य प्रदेश महापौर केसरी और इंदौर महापौर केसरी महिला और पुरुष वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता में जितने वाले महिला और पुरुष वर्ग में विजेताओं को 51 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा।

- -------